

दूसरी बार कान फिल्म फेस्टिवल पहुंची आलिया

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 44 ■ अंक : 63 ■ बुधवार 13 मई 2026 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

## अंबरनाथ भाजपा-सेना गठबंधन में खलल

■ भाजपा से गठबंधन का प्रस्ताव सभी नगरसेवकों को विश्वास में लेकर करना चाहिए था - राजेंद्र वालेकर



**अंबरनाथ.** शिवसेना के सभी नगरसेवकों को विश्वास में ना लेकर, शिवसेना के सुनिल चौधरी, अब्दुल शेख आदि ने पत्रकार परिषद का आयोजन करके भाजपा को युति के लिए प्रस्ताव दिया है. पत्रकार परिषद से कुछ देर पहले अब्दुल शेख ने मुझे फोन किया था. लेकिन सभी नगरसेवकों को भरोसे में नहीं लिया गया है. ऐसी प्रतिक्रिया शिवसेना के नगरसेवक राजेंद्र वालेकर ने दी है.

भाजपा ने गट के मामले को लेकर उच्च न्यायालय में दावा किया है. पहले उन्हें ये दावा वापस लेना चाहिए. राजू वालेकर के इस बयान के बाद अब ये प्रश्न उठ रहा है कि भाजपा शिवसेना की युति का प्रस्ताव देगा भी या नहीं. भाजपा से गठबंधन होना चाहिए, ऐसा विचार राजेंद्र वालेकर का भी है, लेकिन पत्रकार परिषद में केवल 6-7 शिवसेना के नगरसेवक थे. वालेकर ने कहा है कि राकांपा के सदाशिव पाटिल उनका नगरसेवकों को भी साथ में लेकर भाजपा से गठबंधन का प्रस्ताव दिया जाना चाहिए था. उन्होंने कहा कि हमारे वरिष्ठ नेता, उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सांसद श्रीकांत शिंदे का आदेश का हम पालन करेंगे, लेकिन सबको साथ में लेकर. उन्होंने कहा कि शिवसेना और राकांपा के नगरसेवकों की बैठक लेकर चर्चा करके भाजपा को गठबंधन का प्रस्ताव देना चाहिए था. ये सब नहीं हुआ है. राजेंद्र वालेकर की नाराजी गठबंधन प्रस्ताव में अब देरी ला सकती है. कुछ नगरसेवकों को लेकर ये प्रस्ताव दिया गया है, जो कि योग्य नहीं है. ऐसा वालेकर ने खुलकर कहा है.

विदित हो कि सोमवार को सुनिल चौधरी, अब्दुल शेख आदि 5 नगरसेवकों ने एक पत्रकार वार्ता का आयोजन कर भाजपा से गठबंधन का प्रस्ताव दिया था. अब राजेंद्र वालेकर ने कहा है कि उन्हें और उनके नगरसेवकों एवं राकांपा के नगरसेवकों को विश्वास में लेकर प्रस्ताव देना चाहिए था.

# न सड़कें बनी, न नाला सफाई

**मानसून में होगी कठिनाई** — उल्हासनगर मनपा के भ्रष्ट कारोबार का भुगतान करेगा शहर







**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका द्वारा शहर में मूलभूत सुविधा न होने के कारण शहरवासी परेशान हैं। वहीं मानसून से पूर्व जो शहरों में सड़कों की मरम्मत और नाला सफाई होती है उसका अभी कार्य शुरू भी नहीं हुआ है जबकि मानसून से एक माह पूर्व सड़कों की मरम्मत, गड्ढों को भरना, छोटे बड़े नालों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर होना चाहिए। लेकिन शहर में सड़कों की हालत दिनों दिन बदतर होती जा रही है। भुयारी गटर का कार्य अधूरा होने के कारण सड़कों का सत्यानाश हो गया है। कई जगहों पर भुयारी गटर का कार्य करके अधूरी बनी सड़क छोड़ दिया गया है। उल्हासनगर-1 नाना नानी पार्क परिसर की सड़क भी अधूरी छोड़ी गई है। मनपा प्रशासन और सत्ताधारी इस पर कोई कार्य नहीं कर रहे हैं। सत्ताधारी भाजपा-शिवसेना को तीन माह हो चुके हैं बावजूद शहर में मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

नालों की सफाई व मानसून पूर्व व बाद में जो सड़कों की मरम्मत का ठेका एक ही कंपनी को दिए जाने के कारण यह साफ है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भ्रष्टाचार होगा और कार्य सिर्फ कागजों में ही नजर आएगा। बिना कार्य के यह ठेकेदार बिल पास करवाते हैं। मनपा प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारी व कर्मचारी ऐसे ठेकेदारों को हर संभव मदद करते हैं जिससे शहर में ना तो मानसून की नाला सफाई हो पाती है और ना ही सड़कों की मरम्मत होता है जिसका खामियाजा टैक्स भरने वाले शहरवासी भुगत रहे हैं। अब जबकि मनपा में शिवसेना-भाजपा की सत्ता है लेकिन वो भी अपनी कुर्सी पर बैठकर तमाशा देख रहे हैं। इन तीन महीनों में ऐसा कोई कार्य नहीं हुआ है जिससे यह लगे कि सत्ताधारी ने शहर में पानी, सड़क व सफाई जैसी मूलभूत सुविधा मुहैया कराने के लिए अथक प्रयास किया हो। केवल मीटिंग करके फोटो सेशन के जरिए बस नेता वाहवाही लूटने में व्यस्त है। अब देखना है कि इस बार के मानसून से पूर्व सड़कों की मरम्मत व नाला सफाई होती है या शहर में जो कठिनाई और परेशानियां है जिसकी आदत शहरवासियों को पड़ चुकी है वो जारी रहेंगी।

## मानसून पूर्व मनपा की तैयारी न होने से उबाठा का आंदोलन

- सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हुआ
- छोटे-बड़े नालों में कचरा का ढेर
- केबी रोड में भी बाढ़ के संकेत
- नाले परिसर रहने वाले निवासी डर के साए में
- सत्ताधारी व प्रशासन का कार्य फेल




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी की तरफ से आज मंगलवार को मनपा प्रशासन के विरुद्ध आंदोलन किया गया। इस आंदोलन में उबाठा ने मांग की कि मानसून से ठीक पहले शहर के नदी-नालों की सफाई की जाए, कचरा हटाने का काम युद्ध स्तर पर शुरू किया जाए ताकि लोगों को बाढ़ की स्थिति का सामना न करना पड़े। गोल मैदान में टेलीफोन एक्सचेंज के पास नाले के पास हुए इस आंदोलन में बड़ी संख्या में उबाठा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। आंदोलन करने वालों ने आरोप लगाया कि शहर के कई नाले कचरे से भरे हुए हैं, जिससे मानसून के दौरान पानी भरने और बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। इस दौरान आंदोलन करने वालों ने उल्हासनगर मनपा प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए और नालों की तुरंत सफाई और JCB से कचरा हटाने की मांग की। आंदोलन करने वालों ने यह भी कहा कि जमा पानी से मच्छर बढ़ रहे हैं, जिससे लोगों की सेहत को खतरा है। आंदोलन करने वालों ने यह भी बताया कि गंदगी की वजह से सांप और दूसरे जहरीले जानवर बढ़ रहे हैं और इलाके के लोगों में डर का माहौल है। इस दौरान चेतावनी भी दी गई कि अगर प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई नहीं की तो कड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस बीच, विरोध की चेतावनी मिलने पर मनपा ने तुरंत एक JCB भेजकर नाले की सफाई शुरू कर दी। ज्ञात हो कि मानसून से पूर्व शहर में सड़कों की मरम्मत और छोटे-बड़े नालों की सफाई अनिवार्य है अन्यथा शहर में भारी परेशानी होगी।

## पानी की पाइपलाइन फटी



**उल्हासनगर.** एक तरफ जहां लोग पानी की कमी से परेशान हैं, वहीं दूसरी तरफ रविवार को शहाड़ ईस्ट में फ्लाईओवर के पास पानी की मेन पाइपलाइन फट गई, जिससे पानी बर्बाद हुआ।

लोगों का आरोप है कि सड़क के काम के दौरान पाइपलाइन फटी और वे मनपा प्रशासन की लापरवाही पर गुस्सा जाहिर कर रहे हैं, क्योंकि लाखों लीटर पानी सड़क पर बहकर सीवर में जा रहा है। ऊंचे पानी के फव्वारों की वजह से इलाके में ट्रैफिक जाम लग गया है। पानी की कमी की वजह से कुछ लोग फटी हुई पाइप से सीधे पानी भरते दिखे। कुछ बच्चे पानी में खेल रहे थे। खासकर शनिवार और रविवार को छुट्टी होने की वजह से, लोगों का आरोप है कि संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष वधरिया के नेतृत्व में लबाना समाज आयोग के पास पहुंचा



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया के नेतृत्व में उल्हासनगर के लबाना समाज ने महाराष्ट्र राज्य मागासवर्ग आयोग, मुंबई के आयोग से मुलाकात की। लबाना समाज को VJNT में समायोजित करने की मांग लेकर यह सुनवाई रखी गई थी। जिसमें भारतीय जनता पार्टी उल्हासनगर के जिला अध्यक्ष राजेश वधरिया, अजीत सिंह लबाना, अमर सिंह लबाना, राजा सिंह लबाना, हरनाम सिंह लबाना, वकील हरदीप सिंह लबाना उपस्थिति थे।

## स्काईवॉक का आवरण सड़क पर गिरा

- बाइक को नुकसान
- खुशकिस्मती से जनहानि टली
- स्काईवॉक से खतरनाक चादरें हटाई गईं



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर पूर्व में रेलवे स्टेशन और कोयंडे चौक के बीच पैदल चलने वालों के लिए बने स्काईवॉक के कवर की 6 लोहे की भारी चादरें गिरने की चौंकाने वाली घटना हुई। इसमें कुछ बाइक को नुकसान हुआ, लेकिन खुशकिस्मती से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई. जैसे ही यह घटना हुई, शिवसेना के नगरसेवक शेखर यादव और डिपार्टमेंट हेड संदीप सुर्वे ने कमिश्नर मनीषा आव्हाले को घटना की तस्वीरें भेजीं और फायर डिपार्टमेंट, पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट को जानकारी दी। फिर, एडिशनल कमिश्नर धीरज चव्हाण के गाइडेंस में एग्जीक्यूटिव इंजीनियर नीलेश शिरसाठे, डिप्टी इंजीनियर संदीप जाधव ने मुकादम कपिल गुरसाहनी को एक टीम के साथ भेजा और फायर डिपार्टमेंट ने स्काईवॉक पर ज़्यादा खतरनाक हालत में पड़ी चादरों को भी हटा दिया।

### स्काईवॉक हटाने की मांग

MMRDA ने 2008 में यह स्काईवॉक बनवाया था। लेकिन, सिर्फ़ 6 से 7 साल बाद ही स्काईवॉक खराब होने लगा, तो इस सामाजिक संस्था 'एक हात मदतीचा' के फाउंडर प्रेसिडेंट ने MMRDA का ध्यान इस ओर दिलाया। उस समय यह स्काईवॉक उल्हासनगर मनपा को सौंप दिया गया था। इस बीच, इस स्काईवॉक के कई हिस्सों में जंग लग गई है और इस पर चोरों का आना-जाना बढ़ गया है और लड़कियों से छेड़छाड़ की घटनाएं हो रही हैं। साथ ही, यहां लूटपाट भी हो रही है और मर्डर की भी एक घटना हो चुकी है। इसके अलावा, यह स्काईवॉक ट्रैफिक के लिए एक प्रॉब्लम बनता जा रहा है। इसलिए, इस स्काईवॉक को हटाने की मांग की गई है, ऐसा शिवसेना कॉर्पोरेटर शेखर यादव ने बताया।

## साईं वर्ल्ड लीजेंड के पास कार जलकर राख

**उल्हासनगर।** रविवार रात शहाड इलाके में एक अर्टिगा कार में अचानक आग लग गई। यह घटना उल्हासनगर-1 में साईं वर्ल्ड लीजेंड बिल्डिंग के सामने रात करीब 10 बजे हुई।

मिली जानकारी के मुताबिक, सड़क पर खड़ी अर्टिगा कार से अचानक धुआं निकलने लगा और कुछ ही पलों में आग ने विकराल रूप ले लिया। आग इतनी भयानक थी कि पूरी कार जलकर राख हो गई। इस घटना से इलाके में कुछ देर के लिए डर का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। अच्छी बात यह रही कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। कार में आग लगने का सही कारण अभी साफ नहीं है।

## जादू टोना करने के बहाने नाबालिग से दुष्कर्म 78 वर्षीय ढोंगी बाबा गिरफ्तार



**कल्याण.** जादू टोना करने के बहाने नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोप में कल्याण की खड़कपाड़ा पुलिस ने 78 वर्षीय ढोंगी बाबा शाहिद शेख को गिरफ्तार किया है। इस घटना के प्रकाश में आने से कल्याण में सनसनी मच गई है। फिलहाल आरोपी पुलिस की हिरासत में है, और पुलिस उससे आगे की पूछताछ कर रही है।

कल्याण के एसीपी अशोक होनमाने ने बताया कि पीड़िता की उम्र 15 वर्ष है। वह अपनी मां के साथ कल्याण पश्चिम में रहती है। आरोपी ढोंगी बाबा शाहिद ने पीड़िता की मां को बताया कि उनके घर में किसी तरह की बाधा है, जिसे दूर करने के लिए पूजापाठ करने की जरूरत है। आरोप है कि आरोपी पूजापाठ करने के बहाने पीड़िता के घर आया, और घर में अकेला पाकर नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस ने जादू टोना एक्ट, पोक्सो एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर ढोंगी बाबा को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते पुलिस ने इस केस की अलग- अलग एंगल से जांच शुरू कर दी है। मामले में कितनी सच्चाई है यह तो आने वाला समय तय करेगा।

## योजनाओं पर करोड़ों खर्च करने के बावजूद जलसंकट बरकरार

**उल्हासनगर.** केंद्र और राज्य सरकार की अमृत योजना के तहत, उल्हासनगर के लोगों को भरपूर पानी सप्लाई करने और पानी का लीकेज ज़ीरो करने के लिए 425 और 116 करोड़ रुपये की जलापूर्ति वितरण योजना दो फेज़ में लागू की गई. इसके बावजूद उल्हासनगर में पानी की कमी बनी हुई है और पानी का लीकेज रेट 30 परसेंट से ज़्यादा है। पानी की कमी वाले इलाकों में पानी सप्लाई करने के लिए मनपा प्रशासन लाखों रुपये खर्च करता है।

मनपा पानी सप्लाई में रुकावट का कारण उल्हासनगर की भौगोलिक स्थिति बताता है। पुराने पानी की लाइन होने की वजह से पानी का लीकेज रेट 30 परसेंट से ज़्यादा है। मनपा ने केंद्र और राज्य सरकार की मदद से 425 करोड़ रुपये की वॉटर सप्लाई डिस्ट्रीब्यूशन स्कीम का पहला फेज़ लागू किया। इस स्कीम में, ऊंचे पानी के टैंक और वॉटर चैनल नए बनाए गए। वॉटर मीटर लगाने का फैसला किया गया। दूसरे फेज़ में, पहले फेज़ के अधूरे काम पूरे किए जाने हैं।

उम्मीद थी कि दोनों स्कीम लागू होने के बाद शहरवासियों को भरपूर पानी मिलेगा। दोनों स्कीम के बाद भी कमी बनी हुई है। उल्हासनगर में पानी का लीकेज रेट 30 परसेंट से ज़्यादा है।

### MIDC से पानी की सप्लाई काफ़ी नहीं

महानगर पालिका के पास अपना पानी का सोर्स नहीं है, इसलिए उसे पानी के लिए MIDC पर निर्भर रहना पड़ता है। उल्हासनगर में पानी की कमी है क्योंकि MIDC से पानी की सप्लाई काफ़ी नहीं है। वॉटर सप्लाई डिस्ट्रीब्यूशन स्कीम के तहत 550 करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद, शहर के पश्चिम में हालात शहर के पूर्व में अनियमित पानी की सप्लाई जैसे ही हैं।

## खतरनाक माल परिवहन ट्रेनिंग के लिए सरकार की मंज़ूरी

**पूर्व ऑफिसर संजय ससाने ने बताई अहमियत**




**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसमें इंस्टिट्यूट ऑफ़ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च, पुणे को खतरनाक केमिकल और सामान के ट्रांसपोर्ट पर ड्राइवर ट्रेनिंग देने की मंज़ूरी दी गई है। IDTR पुणे के प्रिंसिपल और वेलफेयर डिपार्टमेंट के पूर्व डिप्टी रीजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर संजय ससाने ने खतरनाक और आग पकड़ने वाले सामान ट्रांसपोर्ट करने वाले ड्राइवरों के लिए खास ट्रेनिंग की अहमियत बताई।

सेंट्रल मोटर व्हीकल रूल्स, 1989 के रूल नंबर C99 के मुताबिक ऐसी ट्रेनिंग लेना ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि खतरनाक केमिकल और सामान ट्रांसपोर्ट करने वाले हर ड्राइवर को तीन दिन की ट्रेनिंग पूरी करनी होती है, जिसमें सुरक्षित ट्रांसपोर्ट से जुड़े ज़रूरी टॉपिक शामिल हैं।

### तीन साल बाद ट्रेनिंग दोबारा लेनी होगी

ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी होने के बाद, ड्राइवर को एक सर्टिफिकेट दिया जाता है। यह सर्टिफिकेट गाड़ी के लाइसेंस पर रजिस्टर्ड होना चाहिए और तीन साल के लिए वैलिड होता है। उसके बाद, संबंधित ट्रेनिंग दोबारा लेनी होगी और उसे लाइसेंस पर रिकॉर्ड करना होगा। सासाने ने कहा कि हाल ही में हुए कुछ केमिकल टैंकर हादसों को देखते हुए, खतरनाक केमिकल और सामान ले जाने वाले ड्राइवरों को सही ट्रेनिंग देना बहुत ज़रूरी है।

### IDTR में टेस्ट ट्रैक उपलब्ध

IDTR पुणे, भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की सड़क सुरक्षा पहल के तहत बनाया गया एक संगठन है। यह संगठन ड्राइवर ट्रेनिंग, रिसर्च और सड़क सुरक्षा शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन काम के लिए जाना जाता है। पुणे के सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ़ रोड ट्रांसपोर्ट के 15 एकड़ एरिया में मौजूद IDTR पुणे में ड्राइवरों के स्किल डेवलपमेंट और मूल्यांकन के लिए एक वर्ल्ड-क्लास टेस्ट ट्रैक और स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट सुविधाएं हैं। इसमें हाई-टेक ट्रेनिंग सुविधाएं भी हैं और यह ट्रेंड, सर्टिफाइड और अनुभवी प्रोफेसरों द्वारा डिटेल्ड थ्योरेटिकल और प्रैक्टिकल ट्रेनिंग देता है। संजय सासाने ने खतरनाक केमिकल ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर के सभी स्टेकहोल्डर्स से अपील की है कि वे हैज़केम ट्रांसपोर्ट ट्रेनिंग के लिए IDTR पुणे से संपर्क करें।

## खड़ी खदान इलाके में डंपिंग ग्राउंड में आग



**उल्हासनगर.** खड़ी खदान में डंपिंग ग्राउंड में आग लग गई, जिससे इलाके में धुएं की मोटी चादर छा गई। धुआं लालचक्की, चालिया मंदिर और गायकवाड़ पाड़ा इलाकों तक पहुंच गया, जिससे लोगों में डर फैल गया। डंपिंग का मुद्दा पिछले दो महीने से चर्चा में है, और BJP पार्षदों ने आम सभा में धरना दिया।

## स्कूलों में स्टूडेंट्स की संख्या बढ़ाने मनपा ने कसी कमर






**उल्हासनगर.** महानगर पालिका के स्कूलों में स्टूडेंट्स की घटती संख्या को रोकने के लिए प्रशासन सख्ती कर रहा है और कमिश्नर मनीषा आव्हाले ने सभी प्रिंसिपलों को आने वाले एकेडमिक साल में पहली क्लास में स्टूडेंट्स की संख्या में काफ़ी बढ़ोतरी करने के लिए एक खास एक्शन प्लान लागू करने का आदेश दिया है। 'गुड़ी पाड़वा, संख्या बढ़ाओ' कैंपेन से लेकर 'स्कूल आपके दरवाज़े पर' पहल तक, कई नए तरीकों से सीधे पेरेंट्स तक पहुंचने का फ़ैसला किया गया है।

पिछले कुछ सालों में मनपा स्कूलों में पहली क्लास में स्टूडेंट्स की संख्या में गंभीर गिरावट की बात सामने आने के बाद, प्रशासन ने स्टेट-लेवल कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार तुरंत कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। चूंकि बच्चों के मुफ़्त और ज़रूरी शिक्षा का अधिकार एक्ट, 2009 के तहत 6 से 14 साल के हर बच्चे को अच्छी क्वालिटी की शिक्षा देना मनपा की ज़िम्मेदारी है, इसलिए स्कूलों में स्टूडेंट्स की संख्या बढ़ाने के लिए दो फ़ेज़ में एक खास कैंपेन लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

जून तक प्रवेशोत्सव, घर-घर जाकर देखना, पेरेंट-टीचर मीटिंग, आंगनवाड़ी कोऑर्डिनेशन और सोशल मीडिया के ज़रिए स्कूलों की पब्लिसिटी पर ज़ोर दिया जाएगा। 'स्कूल आपके द्वार' पहल के तहत, टीचरों को सीधे पेरेंट्स के घर जाकर बातचीत करने, उन्हें बच्चों की पढ़ाई की अहमियत समझाने और एलिजिबल स्टूडेंट्स के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, सफल पुराने स्टूडेंट्स के वीडियो, एडमिशन के लिए आकर्षक बैनर और सोशल मीडिया के ज़रिए म्युनिसिपल स्कूलों की पॉजिटिव इमेज बनाने की योजना बनाई गई है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के अनुसार, एडमिनिस्ट्रेशन FLN वर्कबुक और नए करिकुलम को असरदार तरीके से लागू करके म्युनिसिपल स्कूलों के बारे में पेरेंट्स के बीच भरोसा बनाने पर फोकस करेगा।

### 'स्कूल मित्र' पहल लागू करने के आदेश

स्कूल शुरू होने के बाद, पूरे साल क्वालिटी टीचिंग, इंग्लिश और सेमी-इंग्लिश क्लास, वॉट्सऐप के ज़रिए पेरेंट्स से बातचीत, स्कॉलरशिप और कॉम्पिटिटिव एग्जाम में सफल स्टूडेंट्स को सम्मानित करने के साथ-साथ 'स्कूल मित्र' पहल को लागू करने के आदेश दिए गए हैं।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास – मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## पटना में विद्यार्थियों पर लाठी

उत्तर प्रदेश सरकार यह दावा करती आई है कि राज्य में कानून व्यवस्था बेहतर है, लेकिन हत्या की वारदात का सिलसिला थम नहीं रहा है। खासकर महिलाओं के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं।

चंदौली जिले में सोमवार को एक निजी अस्पताल में भर्ती महिला की गोली मार कर हत्या कर देने की घटना ने आम नागरिकों की सुरक्षा पर फिर से गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इससे पता चलता है कि राज्य में महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं। अपराधी हथियार लेकर सड़कों पर बेखौफ घूम रहे हैं और कभी भी बड़ी वारदात को अंजाम दे देते हैं।

सवाल है कि अगर राज्य में कानून व्यवस्था के अनुपालन में वास्तव में सख्ती बरती जाती, तो क्या कोई अस्पताल में घुस कर महिला की हत्या कर सकता था? अपना इलाज करवाने के बहाने अस्पताल में घुसे हमलावर ने महिला पर गोली चलाने के बाद परिसर में हवा में भी गोलियां चलाईं और भागने की कोशिश की। हालांकि वहां मौजूद लोगों ने उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। उत्तर प्रदेश में हत्या की घटनाएं जिस तरह से बढ़ी हैं, उससे लगता है कि सड़क से लेकर घर और अस्पताल में भी लोग सुरक्षित नहीं हैं। पिछले दिनों संभल जिले में कुछ लोग एक युवक को घर से खींच कर ले गए थे और बाद में सड़क पर उसकी हत्या कर दी गई थी। राज्य में इस तरह की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं।

सवाल है कि सरकार के दावों के बरक्स आखिर अपराधियों के भीतर कानून का खौफ क्यों नही है? जाहिर है कि इसके पीछे पुलिस की निष्क्रियता और लापरवाही जिम्मेदार है।

पुलिस तंत्र में तालमेल और त्वरित कार्रवाई का अभाव साफ नजर आता है। पुलिस के अपराध नियंत्रण के ढांचे में खामियों का फायदा अपराधी उठा रहे हैं। इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि सरकारी हो या निजी अस्पताल, वहां सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए जाने चाहिए।

अगर कोई अपराधी हथियार लेकर अस्पताल के अंदर दाखिल होता है, तो यह वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही को उजागर करता है। ऐसे में राज्य सरकार को अपराध पर नियंत्रण के लिए सही मायने में ठोस कदम उठाने होंगे।

# विमर्श कृषि को संकट से बचाने की चुनौती

इन्वेस्टमेंट इन्फोर्मेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (आइसीआरए) की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक कमजोर मानसून, अल नीनो के प्रभाव और पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के कारण भारतीय कृषि क्षेत्र के लिए मुश्किलें दिखाई दे रही हैं। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट में भी कहा गया है कि इस वर्ष कमजोर मानसून से भारत में कृषि की पैदावार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है। इससे महंगाई बढ़ने और विकास दर में कमी की आशंका है। भारतीय मौसम विभाग ने भी अल नीनो के कारण इस साल सामान्य से कम मानसून का अनुमान लगाया है। यह पूर्वानुमान पिछले 26 वर्षों में मानसून का सबसे कम शुरुआती अनुमान है। इससे देश में कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर असर पड़ सकता है। निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट की रिपोर्ट में भी इसी तरह का पूर्वानुमान जारी किया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश में 75 प्रतिशत वर्षा पर आधारित मानसून सीजन (जून से सितंबर) में 94 प्रतिशत वर्षा हो सकती है।

आंकड़े बताते हैं कि सामान्य से कम मानसून वाले वर्षों में जब बारिश का समय, वितरण और फैलाव लगभग समान रहा, तब खरीफ के उत्पादन में अधिक कमी नहीं हुई, किंतु गैर-सिंचित क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर उगाई जाने वाली दलहन और तिलहन जैसी फसलों के लिए जोखिम पैदा हुआ। दलहन और तिलहन का कम उत्पादन खाद्य महंगाई पर असर डाल सकता है। एक ऐसे समय में जब पश्चिम एशिया संघर्ष से महंगे उर्वरक, महंगे तेल और आपूर्ति श्रृंखला बाधित



होने से खेती की लागत बढ़ी है, तब कमजोर मानसून से न केवल किसानों और कृषि पर, वरन आम आदमी और अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर हो सकता है। इससे पेयजल समस्या की चुनौतियां भी बढ़ सकती हैं।

गत वर्ष के मानसून सीजन में अच्छी बारिश के कारण जलाशयों में पर्याप्त पानी है, लेकिन अब इस साल अल नीनो के खतरे और कमजोर मानसून की आशंका से जलाशय के सूखने और खेती के लिए पानी की कमी की चिंता बढ़ गई है, क्योंकि पानी का स्टाक जल्दी खत्म हो सकता है। नीति आयोग के मुताबिक देश के कुल फसल रकबे का केवल 55 प्रतिशत ही सिंचित है और 45 प्रतिशत खेती मानसून पर निर्भर है। कंपोजिट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स के अनुसार, गेहूं की लगभग 74 प्रतिशत और धान की 65 प्रतिशत खेती वाले क्षेत्र पहले से ही जल संकट का सामना कर रहे हैं। व्यावसायिक फसलों और उद्योगीकरण की ओर बढ़ते रुझान से भारत में मानसूनी वर्षा पर निर्भरता काफी बढ़ी है। यह परिदृश्य देश में अभी सहज स्थिति वाले कृषि क्षेत्र के समक्ष एक नई चुनौती बनकर दिखाई दे रहा है। इस वर्ष सामान्य से कम मानसून और खेती की बढ़ती लागत को देखते हुए कई बातों पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। अभी से ही जल संरक्षण के प्रयास शुरू होने चाहिए।

देश के विभिन्न हिस्सों में विविधतापूर्ण जलवायु है। देश कृषि अनुकूल जलवायु क्षेत्रों के मामले में समृद्ध है। अतः भारत को फसल विविधीकरण और खेती में आधुनिक तकनीक के एकीकरण के साथ आगे बढ़ना चाहिए। देश में अभी भी अनाज, दलहन तथा तिलहन का उत्पादन मौसम पर निर्भर होता है। ऐसे में क्षेत्रवार और फसलवार स्थितियों का व्यापक अध्ययन करते हुए सिंचाई व्यवस्था की नई नीति तैयार करनी चाहिए। हमें कमजोर मानसून के पूर्वानुमान के बीच खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए खाद्य भंडारण मजबूत करना चाहिए। वर्ष 2025-26 के लिए खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 17.41 करोड़ टन और रबी खाद्यान्न उत्पादन 17.45 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह पिछले वर्ष 2024-25 की तुलना में एक बड़ी छलांग है। पिछले वर्ष खरीफ उत्पादन 16.94 करोड़ टन था, जिसमें इस बार लगभग 2.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। वहीं रबी उत्पादन पिछले वर्ष 16.91 करोड़ टन था, जिसमें इस बार 3.2 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। ईरान-अमेरिका युद्ध के बीच भारत में अनाज का यह रिकार्ड उत्पादन एक सुरक्षा कवच की तरह है। 2008 की वैश्विक मंदी में भी भारत की अर्थव्यवस्था खाद्यान्न ताकत के कारण ही बहुत कम प्रभावित हुई थी। छह साल पहले कोविड से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार देश के लिए बड़ा सहारा बन गए थे।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

जहाँ भी जाइए, वहाँ एकता की खुश्बू फैलाइए।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


## दिल्ली में अपराधियों का बढ़ता दुस्साहस

पश्चिम एशिया में संघर्ष का असर अब भारत की अर्थव्यवस्था पर साफ दिखने लगा है। ऊर्जा संकट और व्यापार में बाधाओं के कारण पैदा हुई चुनौतियों का दायरा बढ़ता जा रहा है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में बढ़ोतरी और मुद्रा (रुपये) के लगातार कमजोर होने से देश की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। उधर, अमेरिका और ईरान के तल्ख तेवरों से शांति समझौते पर बातचीत आगे नहीं बढ़ पा रही है।

ऐसे में अब मौजूदा संकट से निपटने के लिए वैकल्पिक उपायों को अमल में लाना जरूरी हो गया है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते रविवार को देश की जनता से पेट्रोलियम उत्पादों का संयमित तरीके से उपयोग करने, सोने की खरीदारी से परहेज करने, गैर जरूरी विदेश यात्रा से बचने और स्थानीय वस्तुओं को प्राथमिकता देने का आह्वान किया है।

सरकार का मानना है कि इन सभी प्रयासों के परिणामस्वरूप भारत दुनिया भर में जारी ऊर्जा संकट का प्रभावी ढंग से सामना कर सकेगा। इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी, जिससे सरकारी कोष को मजबूत बनाए रखने में मदद मिलेगी। इसमें दोराय नहीं कि पिछले कुछ वर्षों में भारत सौर ऊर्जा के मामले में दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो गया



है, लेकिन देश की जरूरत मुख्य तौर पर अभी भी जीवाश्म ईंधन से पूरी की जा रही है।

ऐसे में जरूरी है कि मौजूदा संकट के दौरान आयातित ऊर्जा संसाधनों का उपयोग विवेकपूर्ण ढंग से और वास्तविक आवश्यकता के अनुसार ही किया जाए। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण होर्मुज जलमार्ग के बंद होने से तेल की आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है, जिससे ऊर्जा का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

खबरों के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से वैश्विक ऊर्जा कीमतों में हुई बढ़ोतरी से देश की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है, जिस कारण आने वाले दिनों में पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ सकते हैं। हालांकि, अभी तक सरकार ने पेट्रोल-डीजल और घरेलू रसोई गैस के दामों को नियंत्रित करने के प्रयास किए हैं, लेकिन संकट गहराने से अब यह सब आसान नहीं होगा। इसके लिए वैकल्पिक उपायों पर गंभीरता से काम करना होगा, ताकि प्रतिकूल प्रभावों को कम किया जा सके।

प्रधानमंत्री के आह्वान से इस बात के संकेत भी मिल रहे हैं कि आने वाले समय में रोजमर्रा के इस्तेमाल की जरूरी वस्तुएं महंगी हो सकती हैं। यानी कच्चे तेल से जुड़ी महंगाई, पैकेजिंग सामग्री और ईंधन लागत में बढ़ोतरी के बीच साबुन, डिटर्जेंट, बिस्किट, पैकेट बंद खाद्य पदार्थ और पेय उत्पाद जैसी वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती हैं।

खबरों के मुताबिक, आवश्यक वस्तुओं का उत्पादन करने वाली देश की प्रमुख कंपनियां मुनाफे पर पड़ रहे दबाव को कम करने के लिए चरणबद्ध तरीके से दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। प्रधानमंत्री के ये सुझाव कि कोरोना काल की तरह घर से काम करने समेत अन्य तरीकों पर फिर से अमल करना, खाद्य तेल की खपत कम करना और रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कमी लाना, यह सब मौजूदा संकट की गंभीरता को दर्शाता है।

यह सही है कि संकट जब गंभीर हो, तो उससे निपटने के लिए सरकारी उपायों के साथ-साथ आम नागरिकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे उसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं। मगर इस सब के बीच यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि इस तरह के उपायों का समाज के निचले और मध्य वर्ग की आजीविका पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े।

# ये है दुनिया का सबसे महंगा दूध

### जरा हट के

दुनिया में कई अनोखी और महंगी चीजें हैं, लेकिन दूध की बात करें तो आमतौर पर गाय, भैंस या बकरी का दूध ही याद आता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे महंगा दूध एक छोटे से जानवर का है. जी हां, चुहिया (माउस) का दूध दुनिया में सबसे महंगा आता है. इसकी कीमत 20 लाख रुपये प्रति लीटर तक बताई जाती है.



सुनकर हैरानी होती है ना ?ज्यादातर लोग सोचते हैं कि शेरनी, बाघिन या हथिनी का दूध सबसे महंगा होगा, लेकिन हकीकत कुछ और ही है. चुहिया का दूध ना सिर्फ दुर्लभ है बल्कि निकालना भी बेहद मुश्किल काम है.

वैज्ञानिकों के अनुसार, एक लीटर चुहिया का दूध इकट्ठा करने के लिए लगभग 4000 चुहियों का दूध निकालना पड़ता है. एक चुहिया से एक बार में सिर्फ आधा चम्मच या उससे भी कम दूध मिल पाता है. दरअसल, चुहिया बहुत छोटी होती है, इसलिए उसका दूध उत्पादन भी बेहद कम होता है. मादा चुहिया अपने बच्चों को दूध पिलाती है, लेकिन वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में इसे विशेष मशीनों की मदद से निकाला जाता है. यह प्रक्रिया समय लेने वाली, श्रमसाध्य और महंगी होती है. यही वजह है कि इसकी कीमत आसमान छूती है. इस दूध में खास पोषक तत्व पाए जाते हैं जो मानव स्वास्थ्य और मेडिकल रिसर्च के लिए बहुत उपयोगी हैं. इसमें हाई प्रोटीन, एंटीबॉडीज और अन्य कंपाउंड्स होते हैं जो कैंसर रिसर्च, इम्यूनिटी स्टडी और दवाओं के विकास में मदद करते हैं. यही कारण है कि फार्मास्यूटिकल कंपनियां और रिसर्च लैब्स इसे बेशकीमती मानती है.

### चुहिया दूध vs अन्य महंगे दूध

दुनिया में चुहिया के अलावा भी कई जानवर हैं, जिनका दूध काफी मुश्किल से मिल पाता है. इसमें शामिल है-

**डॉंकी मिल्कः** कई जगह इसे महंगा बताया जाता है, लेकिन कीमत 5,000 से 10,000 रुपये लीटर तक ही है.

**हॉर्स मिल्कः** कुछ देशों में महंगा है लेकिन चुहिया दूध से कहीं सस्ता है.

**चुहिया दूधः** 20 लाख रुपये प्रति लीटर.

# पनीर काठी रोल





### सामग्री

- पनीर- 250 ग्राम (लंबे क्यूब्स में कटा हुआ)
- दही- 3 बड़े चम्मच
- अचारी मसाला- 1 बड़ा चम्मच
- अदरक-लहसुन पेस्ट- 1 छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर, हल्दी और नमक

**रोल के लिए**

- मैदा या गेहूं का आटा- 2 कप
- तेल/घी- जरूरत अनुसार
- नमक- एक चुटकी
- प्याज- 1 लंबा कटा हुआ
- शिमला मिर्च- 1 लंबी कटी हुई
- हरी चटनी, मेयोनेज और चाट मसाला

### बनाने की विधि

सबसे पहले एक बड़े बाउल में दही लें। इसमें अदरक-लहसुन पेस्ट, लाल मिर्च, हल्दी, नमक और सबसे जरूरी अचार का मसाला डालें। इस मिश्रण को अच्छी तरह फेंट लें। अब इसमें पनीर के टुकड़े डालें और हल्के हाथों से मिलाएं, ताकि मसाला पनीर पर अच्छी तरह लिपट जाए। इसे 20-30 मिनट के लिए छोड़ दें। अब एक बर्तन में आटा, नमक और थोड़ा सा तेल



डालकर नरम गूंथ लें। 10 मिनट आराम देने के बाद, इसकी लोइयां बनाकर पतला बेल लें। तवे पर तेल या घी लगाकर इसे दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेक लें। पराठा थोड़ा कुरकुरा होना चाहिए।

इसके बाद एक पैन में थोड़ा तेल गर्म करें। इसमें मैरिनेट किया हुआ पनीर डालें। मध्यम आंच पर इसे तब तक पकाएं जब तक दही का पानी सूख न जाए और पनीर पर मसाले की अच्छी कोटिंग न आ जाए। अब इसमें कटी हुई शिमला मिर्च और प्याज डालें। ध्यान रहे, सब्जियों को पूरी तरह नहीं गलाना है, उनका क्रंच बना रहना चाहिए।

अब एक तैयार पराठा लें। उसके बीच में पुदीने की हरी चटनी और थोड़ी मेयोनेज लगाएं। पराठे के एक किनारे पर तैयार अचारी पनीर का मिश्रण रखें। ऊपर से कच्चे प्याज के लच्छे, थोड़ा चाट मसाला और नींबू का रस छिड़कें।

पराठे को कसकर रोल करें और नीचे के हिस्से को फॉयल पेपर या टिश्यू पेपर से लपेट दें, ताकि स्टफिंग बाहर न निकले।

# क्या आपका बच्चा भी स्क्रीन से चिपका रहता है?

### फोकस बढ़ाने के लिए अपनाएं ये 3 ट्रिक्स

इन के बढ़ते प्रभाव के बीच पढ़ने की संस्कृति को कैसे विकसित किया जाए, यह आज की प्रमुख चुनौती है। आज का बचपन स्क्रीन की रोशनी में सिमटता जा रहा है। मोबाइल, टेलीविजन और रील्स ने बच्चों की दुनिया को तात्कालिक और सतही बना दिया है। यह बदलाव केवल आदतों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उनकी सोच, एकाग्रता और संवेदनशीलता को भी प्रभावित कर रहा है। ऐसे समय में बच्चों को फिर से किताबों की दुनिया से जोड़ना केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता है, क्योंकि पुस्तकें ही वह माध्यम हैं जो बच्चे के भीतर धैर्य, गहराई और कल्पनाशक्ति का विकास करती हैं।

### रोचक दिनचर्या बनती मददगार

प्रसिद्ध बाल साहित्यकार हरिकृष्ण देवसरे ने स्पष्ट कहा है कि बच्चों को पढ़ने की आदत सिखाई नहीं जाती, बल्कि ऐसा वातावरण दिया जाता है जिसमें वे स्वयं पढ़ने लगते हैं। यदि घर में केवल स्क्रीन का प्रभुत्व हो, तो पुस्तकें हाशिए पर चली जाती हैं। इसलिए आवश्यक है कि घर का वातावरण ऐसा हो जहां किताबें उपयोग की वस्तु हों, केवल सजावट की नहीं। बच्चे वही बनते हैं जो वे रोज देखते हैं, न कि केवल वह जो उन्हें कहा जाता है। यही इस पूरी प्रक्रिया का मूल सिद्धांत है। यदि माता-पिता प्रतिदिन कुछ समय पढ़ने के लिए निर्धारित करें और बच्चों के सामने पढ़ें, तो यह आदत धीरे-धीरे बच्चों में भी उतरने लगती है। छोटे बच्चों को कहानी सुनाना, भाव-भंगिमा के साथ पढ़ना और



उनसे सरल प्रश्न पूछना इस प्रक्रिया को रोचक बनाता है।

### सही साहित्य का करें चयन

बच्चों को विकल्प देना भी उतना ही आवश्यक है। जब उन्हें अपनी पसंद की पुस्तक चुनने की स्वतंत्रता मिलती है, तो पढ़ना उनके लिए आनंद का विषय बन जाता है। किताबें केवल शब्द नहीं देतीं, वे सोचने का ढंग भी देती हैं। साहित्य के चयन में भी सजगता आवश्यक है। इस संदर्भ में गीता प्रेस की बालोपयोगी पुस्तकें जैसे बाल चित्र रामायण और प्रेरक बाल कहानियां सरल भाषा में नैतिक मूल्यों का प्रभावी संप्रेषण करती हैं।

वहीं सुरुचि प्रकाशन की अनमोल कहानियां, महापुरुषों की जीवनियां और प्रेरक प्रसंग बच्चों में साहस, आदर्शवाद और राष्ट्रबोध का विकास करते हैं। ये पुस्तकें केवल जानकारी नहीं देतीं, बल्कि बच्चों के चरित्र और दृष्टि का निर्माण करती हैं। आज पुस्तकों के स्वरूप में परिवर्तन आया है कि वे पढ़ी ही नहीं, बल्कि सुनी भी जा रही हैं। आडियोबुक बच्चों को कहानियों से जोड़ रहे हैं, जो सकारात्मक है, किंतु पढ़ना और सुनना समान नहीं हैं।

### स्क्रीन और किताबों का संतुलन

आज अनेक अध्ययन यह संकेत देते हैं कि बहुत ज्यादा स्क्रीन टाइम बच्चों की एकाग्रता और स्मरण क्षमता को प्रभावित करता है। ऐसे में डिजिटल माध्यमों के उपयोग को संतुलित करना अत्यंत आवश्यक है। पूर्ण प्रतिबंध व्यावहारिक नहीं है, किंतु समय की स्पष्ट सीमा तय करना जरूरी है, ताकि पढ़ने के लिए आवश्यक मानसिक अवकाश मिल सके।

## आज का राशिफल

**मेष** : आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**वृषभ** : नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है। प्रमाद न करें। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**मिथुन** : व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी।

**कर्क** : सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे।

**सिंह** : व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कन्या** : पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**तुला** : किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। प्रसन्नता रहेगी। स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** : मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**धनु** : दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें। विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें।

**मकर** : सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है। समय का लाभ लें। मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा।

**कुंभ** : किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**मीन** : कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। जल्दबाजी न करें। यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# केला खाने के बाद पानी क्यों नहीं पीना चाहिए?

हमारे घरों में अक्सर बड़े-बुजुर्ग यह सलाह देते हैं कि केला खाने के तुरंत बाद पानी नहीं पीना चाहिए. बचपन से ही यह बात सुनने को मिलती है कि ऐसा करने से पेट खराब हो सकता है. हालांकि कई लोग इसे सिर्फ एक पुरानी मान्यता समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन इसके पीछे कुछ कारण भी बताए जाते हैं.



आज हम समझेंगे कि केला खाने के बाद तुरंत पानी पीने से शरीर पर क्या असर पड़ सकता है और यह सलाह क्यों दी जाती है. साथ ही यह भी जानेंगे कि बड़े-बुजुर्गों की कही बातें कई बार सेहत के लिहाज से सही क्यों होती हैं.

### केला पोषक तत्वों से भरपूर फल है

केला एक बहुत ही पौष्टिक फल माना जाता है. इसे सुपर फ्रूट भी कहा जाता है क्योंकि इसमें कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं. केले में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है, जो पाचन तंत्र के लिए बहुत अच्छा माना जाता है. इसके अलावा इसमें प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, हेल्दी फैट, पोटेशियम, मैग्नीशियम, कॉपर, विटामिन A, C और B6 भी पाए जाते हैं. सुबह के नाश्ते में केला खाना बहुत लाभदायक माना जाता है क्योंकि यह शरीर को तुरंत ऊर्जा देता है. अगर इसे दही या अन्य पौष्टिक चीजों के साथ खाया जाए तो इसके फायदे और बढ़ जाते हैं.

### पानी कब पीना चाहिए?

अगर आपने केला खाया है, तो तुरंत पानी पीने से बचना चाहिए. कम से कम 30 मिनट का अंतर रखना बेहतर माना जाता है. इस समय के बाद शरीर केले के पोषक तत्वों को अच्छे से पचा लेता है और फिर पानी पीने से कोई परेशानी नहीं होती.

# भारत के अलग-अलग हिस्सों में कैसे बदल जाता है 'रायते' का स्वाद?

भारतीय खाने की थाली तब तक अधूरी-सी लगती है, जब तक उसमें ठंडा और स्वादिष्ट रायता न परोसा जाए। रायता न सिर्फ हमारे खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि इसे पूरा भी करता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि जैसे-जैसे हम भारत के एक हिस्से से दूसरे हिस्से की तरफ बढ़ते हैं, वैसे-वैसे रायते का रूप और स्वाद भी बिल्कुल बदल जाता है?



### उत्तर भारत के चटकदार रायते

उत्तर भारत के खाने में रायते की एक बहुत ही खास जगह है और यहां इसकी कई शानदार वैरायटी देखने को मिलती हैं। यहां की थाली में आपको मुज चेटनी और अलग तरह का छुआरे का रायता मिल जाएगा। इसके अलावा हर घर की पहली पसंद बूंदी रायता और खास बथुआ रायता भी यहां बहुत मशहूर हैं। अगर आप पहाड़ी स्वाद चखना चाहते हैं, तो पहाड़ी राई-वाला रायता और मशहूर सन्नाटा रायता आपके खाने के अनुभव को बेहतरीन बना देंगे।

### पश्चिम भारत का अनोखा स्वाद

पश्चिम भारत की बात करें, तो यहां के रायते अपने बिल्कुल अलग और अनोखे अंदाज के लिए जाने जाते हैं। इस क्षेत्र में आपको पितोड़ का रायता और दाल रायता का स्वाद चखने को मिलेगा। इसके साथ ही, यहां सेंगदाना रायता और बिम्बला सासव भी खाने का अहम हिस्सा माने जाते हैं।

### मध्य भारत की ताजगी

देश के मध्य भाग में रायते का स्वाद बहुत ताजगी भरा होता है। यहां मुख्य रूप से पुदीने का रायता बहुत पसंद किया जाता है। इसके अलावा, यहां कद्दू धुंगार का रायता भी काफी फेमस है, जो भोजन में एक शानदार स्वाद जोड़ता है।

### पूर्वी भारत का जायका

पूर्वी भारत में भी रायते की अपनी एक अलग पहचान है। यहां लौकी का रायता और खुशबूदार तड़का रायता खूब चाव से खाया जाता है। इसके साथ ही, पूर्वी भारत की थाली में अम्बुला राई और खीरे का रायता भी शामिल होते हैं।

### द. भारत की पारंपरिक पचहड़ी और ताम्बुली

दक्षिण भारत में रायते को नए रूप में परोसा जाता है। यहां आपको मेंथे या दोड्डापत्रे ताम्बुली जैसे खास व्यंजन मिलेंगे। इसके अलावा, बीटरूट पचड़ी और बुरानी रायता भी यहां के भोजन की जान हैं। वहीं, वेंगाया तायिर पचहड़ी और पेरुगु पचहड़ी के बिना तो साउथ इंडियन थाली लगभग अधूरी ही मानी जाती है।

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### यमुना में नहाने के दौरान बड़ा हादसा, 6 बच्चे डूबे, 3 की मौत, 2 बचाए गए; 1 की तलाश जारी

**आगरा.** उत्तर प्रदेश के आगरा के थाना कमला नगर क्षेत्र में यमुना नदी में नहाने के दौरान बड़ा हादसा हो गया है। यहां छह बच्चे डूब गए हैं। पुलिस और पीएसी की टीम ने पांच बच्चों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां कान्हा, रिया और महक की मौत हो गई। काजल और अंशू का इलाज जारी है, जबकि एक बच्चे की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार चल रहा है।

### लाठियों से पीट-पीटकर युवक की हत्या

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सनसनीखेज मर्डर की घटना सामने आई है। यहां ऐशबाग में महाराजा अग्रसेन पार्क में मंगलवार को लाठियों से पीट-पीटकर एक युवक की हत्या कर दी गई। उसका शव पार्क के अंदर बेंच के पास जमीन पर खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। घटना की जानकारी पुलिस अधिकारियों और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने एक को हिरासत में ले लिया है।

### बांग्लादेशी को 3 साल की जेल

**बलिया.** यूपी के बलिया में फर्जी भारतीय दस्तावेज और पासपोर्ट के जरिए भारत में अवैध रूप से रहने, विदेश यात्रा करने और जमीन की रजिस्ट्री कराने के मामले में स्थानीय अदालत ने रोहिंग्या समुदाय के एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। मामले में एटीएस की वाराणसी यूनिट ने 2023 को कार्रवाई करते हुए बांग्लादेश के कॉक्स बाजार स्थित रोहिंग्या कैंप निवासी अब्दुल अमीन और म्यांमार के मोहम्मद अरमान उर्फ अबू तल्हा को बलिया शहर के गड़वार मोड़ के पास से गिरफ्तार किया था।

### युवक के शादी से इनकार करने पर पानी की टंकी पर चढ़ी युवती

**पीलीभीत.** पीलीभीत के कलीनगर तहसील के अंतर्गत माधोटांडा क्षेत्र के गांव बांसखेड़ा में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक किशोरी पानी की टंकी पर चढ़ गई। बताया जा रहा है कि किशोरी एक युवक से शादी करना चाहती थी, लेकिन युवक द्वारा शादी से इनकार किए जाने के बाद वह नाराज होकर पानी की टंकी पर चढ़ गई। परिजनों ने काफी देर तक उसे समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुई। सूचना मिलने पर माधोटांडा पुलिस मौके पर पहुंची और काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद किशोरी को सकुशल नीचे उतार लिया। घटना के दौरान गांव में लोगों की भारी भीड़ लगी रही और काफी देर तक हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा।

### चाय-नाश्ते की दुकान में फ़टे तीन सिलेंडर

**गोरखपुर.** गोरखपुर के असुरन पुलिस चौकी के सामने मंगलवार सुबह एक चाय-नाश्ते की दुकान में आग लगने के बाद सिलेंडरों में जोरदार विस्फोट हो गया। लगातार तीन सिलेंडर फटने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। धमाके की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों और दुकानों से बाहर निकल आए।

जानकारी के मुताबिक घटना सुबह करीब 5:45 बजे हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुकान में रखे सिलेंडर से गैस रिसाव होने के बाद अचानक आग भड़क उठी। कुछ ही देर में आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया और वहां रखे तीन सिलेंडर एक-एक कर फट गए। घटना स्थल पुलिस चौकी के सामने होने के कारण पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कराया।

# दूसरी बार असम के CM बने हिमंत बिस्वा सरमा

- इन 4 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ



**नई दिल्ली।** हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। उनके साथ 4 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इसमें भाजपा के रामेश्वर तेली और अजंता नेओग, AGP के अतुल बोरा और BPF के चरण बोरो शामिल हैं।

गुवाहाटी के खानापारा इलाके में वेटरनरी ग्राउंड में आयोजित एक भव्य समारोह में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने हिमंता बिस्वा सरमा और चारों विधायकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

#### हिमंत का दूसरा कार्यकाल

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सुवेंदु अधिकारी, देवेंद्र फडणवीस समेत कई बड़े नेता पहुंचे थे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, सर्बानंद सोनोवाल, पवित्र मार्घेरिटा, BJP शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, और BJP अध्यक्ष नितिन नवीन भी मौजूद थे।

असम में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है। बतौर मुख्यमंत्री हिमंत का यह दूसरा कार्यकाल होगा। जिन विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है, उनमें नेओग, बोरा और बोरो सरमा की पहली कैबिनेट के सदस्य थे, जबकि तेली, जो पहले केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं, राज्य की राजनीति में वापस लौटे हैं।

पिछली सरकार में नेओग वित्त मंत्री थीं, जबकि बोरा कृषि विभाग संभाल रहे थे और बोरो के पास परिवहन विभाग था। बता दें कि NDA ने 126 सदस्यों वाली विधानसभा में रिकॉर्ड 102 सीटें जीतीं, जिनमें से 82 सीटें BJP के खाते में गईं। BJP के सहयोगी दलों, असम गण परिषद (AGP) और बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट (BPF) ने 10-10 सीटें जीतीं।

### तमिलनाडु में मंदिर-स्कूल के पास शराब दुकानें बंद होंगी



- विजय का आदेश

**चेन्नई.** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने मंगलवार को पूरे राज्य में 717 खुदरा शराब की दुकानें बंद करने का आदेश दे दिया है। इस आदेश के साथ ही अगले 14 दिन के अंदर मंदिरों के पास की 276 दुकानें, स्कूल-कॉलेज के पास की 186 दुकानें और बस स्टैंड के पास की 255 दुकानें बंद कर दी जाएंगी।

CM विजय ने मंगलवार को एक और आदेश जारी करते हुए ज्योतिषी रिकी राधन पंडित को अपना स्पेशल ड्यूटी ऑफिसर बनाया है। रिकी ने ही विजय के CM बनने की भविष्यवाणी की थी। साथ ही उनकी शपथ का समय भी बदलवाया था। CM जोसेफ विजय शपथ लेने के साथ ही एक्शन में आ गए हैं। उन्होंने मंगलवार विधानसभा में पहली स्पीच दी। इसके बाद कई आदेश जारी किए। TVK सरकार को 13 मई को अपना फ्लोर टेस्ट भी देना है।

### पश्चिम एशिया संकट पर पवार बोले-

# मोदी सर्वदलीय बैठक बुलाएं

- पीएम की गोल्ड न खरीदने की अपील पर ज्वेलर्स ने कहा- रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा



शरद पवार ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संकट पर पीएम नरेंद्र मोदी से सर्वदलीय बैठक बुलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित के मामलों में सभी दलों को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करना जरूरी है।

पवार ने X पर लिखा- पीएम मोदी ने जनता से सोना न खरीदने और पेट्रोल-डीजल कम खर्च करने की अपील की है। इससे अर्थव्यवस्था पर लंबे समय तक असर पड़ सकता है। इन घोषणाओं से आम लोगों और कारोबारियों में बेचैनी बढ़ी है।

ज्वेलरी काउंसिल का कहना है कि पीएम को उनसे बात करनी चाहिए थी। पीएम की अपील से उनकी रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा।

दरअसल, पीएम मोदी ने लगातार दो दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील की।

#### ज्वेलर्स बोले- रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा

महाराष्ट्र स्वर्णकार सराफा महामंडल के अध्यक्ष पुरुषोत्तम कवाले ने कहा देशभर के ज्वेलर्स में चिंता बढ़ गई है। इतना बड़ा फैसला लेने से पहले ऑल इंडिया जेम्स एंड ज्वेलरी काउंसिल और महाराष्ट्र बोर्ड से चर्चा होनी चाहिए थी। सरकार को पहले हमारी राय लेनी चाहिए थी।

हालांकि, इस बीच पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि देश में तेल और गैस की कोई कमी नहीं है। भारत के पास 69 दिन का कच्चे तेल और 45 दिन का LPG स्टॉक है।

# AIADMK में फूट, बागी गुट का TVK को समर्थन

- षणमुगम बोले- जनादेश विजय के साथ
- हम DMK से जुड़ते तो खत्म हो जाते



**चेन्नई.** तमिलनाडु में AIADMK पार्टी में दो हिस्सों में टूट गई है। पार्टी के नेता सीवी षणमुगम ने CM विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम (TVK) को समर्थन देने का आधिकारिक ऐलान कर दिया। कहा जा रहा है कि उनके साथ 30 विधायकों ने भी विजय को समर्थन देना स्वीकार किया है।

मंगलवार सुबह षणमुगम ने बयान दिया, 'हम जनता के जनादेश को स्वीकार करते हैं। यह जनादेश TVK के लिए नहीं, विजय के लिए है। इसलिए हम TVK सरकार को अपना समर्थन देते हैं। अगर हम DMK के साथ गठबंधन करते तो AIADMK का अस्तित्व ही समाप्त हो जाता।'

षणमुगम ने यह भी कहा- मेरी AIADMK तोड़ने की कोई मंशा नहीं है। एडप्पादी पलानीसामी ही हमारे नेता हैं।

2026 के विधानसभा चुनाव में AIADMK केवल 47 सीटें ही जीत पाई। AIADMK में अब केवल पलानीसामी गुट रह गया है। इसमें 17 नेता हैं।

दोनों गुटों में पहली बार मतभेद तब दिखाई दिए, जब AIADMK के नवनिर्वाचित सदस्य सोमवार को तमिलनाडु की 17वीं विधानसभा के पहले सत्र में शामिल होने आए थे।

#### हमारा पूरा फोकस पार्टी को दोबारा मजबूत करने पर

- **षणमुगम ने कहा**– हमने AIADMK की स्थापना DMK के खिलाफ की थी। 53 सालों से हमारी राजनीति DMK के खिलाफ रही है। इसे देखते हुए एक प्रस्ताव रखा गया था, जिसमें सुझाव दिया गया था कि DMK के समर्थन से AIADMK की सरकार बनाई जाए। हालांकि, हमारे ज्यादातर सदस्यों ने इसे अस्वीकार कर दिया और इसका विरोध किया। अगर हम DMK के साथ गठबंधन करते तो AIADMK का अस्तित्व ही खत्म हो जाता।
- षणमुगम ने ये भी कहा कि हम अभी बिना किसी गठबंधन के खड़े हैं और अब हमारा ध्यान अपनी पार्टी को फिर से मजबूत और जीवंत बनाने पर होना चाहिए। आखिरकार हमने अपना समर्थन चुनाव जीती TVK को देने का फैसला किया।

### बंगाल के पूर्व मंत्री सुजीत को ED ने गिरफ्तार किया

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री और TMC नेता सुजीत बोस को नगर निगम भर्ती घोटाले में ईडी ने अरेस्ट किया। सुजीत अपने बेटे समुद्र बोस के साथ सुबह करीब 10:30 बजे ED ऑफिस पहुंचे थे। उनसे करीब 10 घंटे पूछताछ की गई, फिर रात को गिरफ्तार कर लिया गया। सुजीत बोस पर 2014-2018 के बीच साउथ दमदम नगर निगम में करीब 150 लोगों की अवैध भर्ती कराने का आरोप है। कहा जाता है कि सुजीत ने इसके बदले पैसे और फ्लैट लिए थे। सुजीत उस वक्त दमदम नगर पालिका के उपाध्यक्ष थे। बिधाननगर से तीन बार के विधायक रहे सुजीत बोस हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के शरदवत मुखर्जी से 37,000 से अधिक वोटों के अंतर से हार गए थे।

# मानसून 4-6 दिन पहले आने का अनुमान

- यूपी-बिहार समेत 5 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट
- बाड़मेर दूसरे दिन सबसे गर्म, पारा 47.3°C



**नई दिल्ली.** देश में मानसून तय समय से 4 दिन पहले दस्तक दे सकता है। आमतौर पर केरल में मानसून 1 जून तक पहुंचता है, लेकिन इस बार 25 से 27 मई के बीच केरल तट पर पहुंचने की संभावना है।

बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में एक सिस्टम बन गया है, जो अगले 48 घंटे में और मजबूत हो सकता है। इससे दक्षिण भारत के कई राज्यों में बारिश बढ़ेगी। यह सिस्टम मानसून को तेजी से आगे बढ़ा रहा है।

यूपी-बिहार समेत 5 राज्यों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है। बिहार और उत्तराखंड के सभी जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में बारिश की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में आंधी-तूफान और बारिश से 5 घरों और 7 गोशालाओं की छतें उड़ गईं। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव जारी है। देश में सोमवार को राजस्थान का बाड़मेर सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 47.3°C दर्ज किया गया। जैसलमेर में 46.5°C, फलोदी में 45.6°C और बीकानेर में 45.3°C तापमान रहा। मध्य प्रदेश के रतलाम में पारा 45°C के पार रहा।

#### दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश

दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भी बारिश का दौर जारी रह सकता है। केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में 14 से 17 मई के बीच भारी बारिश हो सकती है। वहीं असम, मेघालय और मणिपुर में भी कई जगह बारिश की संभावना हैं।

# पंजाब विजिलेंस हेडक्वार्टर पर CBI रेड, 3 गिरफ्तार



**नई दिल्ली.** पंजाब विजिलेंस हेडक्वार्टर पर सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (CBI) की टीम ने रेड की। सोमवार देर रात छापा मारने के बाद टीम मंगलवार सुबह दोबारा पंजाब विजिलेंस चीफ के दफ्तर पहुंची है। बताया जा रहा है कि टीम एक रिश्वत केस में जांच कर रही है। इससे पहले CBI ने चंडीगढ़ के पांच सितारा होटल में छापा मारा था, जहां 20 लाख की डील को पकड़ा था। यहां से पुलिस ने डीजी विजिलेंस के रीडर ओ.पी. राणा के बिचौलिए को गिरफ्तार किया, लेकिन गनमैन से मिली सूचना के बाद बाकी के लोग भाग निकले थे।

इसके बाद CBI ने पीछा कर दो आरोपियों को पंजाब-हरियाणा सीमा पर अंबाला के पास से पकड़ लिया। पंजाब विजिलेंस के अधिकारी शरद सत्यम चौहान ने कहा कि प्राइवेट लोगों की गिरफ्तारी हुई है, सीबीआई जांच कर रही है। विजिलेंस पूरा कॉपोरेट करेगी, जब विजिलेंस चीफ से रीडर OP राणा के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने जवाब नहीं दिया।

CBI के जारी प्रेस नोट के अनुसार, यह मामला पंजाब के एक स्टेट टैक्स अधिकारी की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप था कि विकास उर्फ विक्की गोयल और उसके बेटे राघव गोयल ने पंजाब विजिलेंस विभाग के डीजी कार्यालय में उसके खिलाफ लंबित शिकायत को बंद करवाने के बदले 20 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।

# NEET एग्जाम रद्द - बिहार में 60 लाख में हुई थी डील

- सॉल्वर बैठाने की थी तैयारी
- MBBS स्टूडेंट मास्टरमाइंड



**नई दिल्ली.** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी NTA ने 3 मई को हुई NEET 2026 परीक्षा रद्द कर दी है। परीक्षा की नई डेट्स जल्द जारी की जाएंगी। NTA ने कहा है कि केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद परीक्षा रद्द की गई है।

बिहार में NEET परीक्षा में सॉल्वर गैंग एक्टिव थी। 60 लाख रुपए में एक सीट की डील हुई थी। एग्जाम से ठीक पहले पुलिस ने इस पूरे मामले का खुलासा किया था। इसका मास्टरमाइंड एक MBBS स्टूडेंट था। नालंदा पुलिस ने गिरोह के 7 लोगों को गिरफ्तार किया था।

#### गाड़ी की चेकिंग के दौरान मिले ID कार्ड

2 मई की रात नालंदा की पावापुरी थाना पुलिस ने गाड़ी चेकिंग के दौरान दो लग्जरी गाड़ियों (स्कॉर्पियो-N और ब्रेजा) से तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें मुख्य आरोपी विम्स मेडिकल कॉलेज का MBBS छात्र अवधेश कुमार है। उसके मोबाइल की जांच में कई अहम सुराग मिले, जिसके बाद पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ।

NEET परीक्षा में सॉल्वर बैठाकर पास कराने वाले संगठित गिरोह के 3 लोग अरेस्ट हुए थे। इस मामले में पहले गिरफ्तार सरगना की निशानदेही पर पुलिस ने मुजफ्फरपुर समेत कई जिलों में छापेमारी कर 4 और आरोपियों को गिरफ्तार किया था। अब तक इस मामले में कुल 7 बदमाशों को पकड़कर जेल भेजा जा चुका है।

#### 50-60 लाख में होती थी सॉल्वर बैठाने की डील

पुलिस की जांच में सामने आया कि गिरोह NEET परीक्षा पास कराने के लिए एक कैंडिडेट से 50 से 60 लाख रुपए तक वसूलता था। इसमें से 1.5 से 2 लाख रुपए एडवांस के तौर पर पहले ही ले लिए जाते थे।

# दिल्ली की प्लेऑफ उम्मीदें कायम

### गुजरात-हैदराबाद के पास टेबल टॉपर बनने का मौका



IPL 2026 में प्लेऑफ की रेस दिलचस्प हो गई है। सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को 3 विकेट से हराकर अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं। टीम 10 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर पहुंच गई है। दूसरी ओर पंजाब चौथे स्थान पर बरकरार है, लेकिन उसे टॉप-4 में जगह पक्की करने के लिए बचे 3 में से कम से कम 2 मैच जीतने होंगे।

आज गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद आमने-सामने होंगी। जीतने वाली टीम पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर पहुंच जाएगी। फिलहाल, बेंगलुरु, हैदराबाद, गुजरात और पंजाब टॉप-4 में हैं, जबकि मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं।

#### पंजाब लगातार चौथा मैच हारी, दिल्ली को एक स्थान का फायदा

सीजन की शुरुआत में लगातार 6 मैच जीतने वाली पंजाब को लगातार चौथी हार झेलनी पड़ी। टीम पॉइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है। उसे बचे हुए मुंबई, बेंगलुरु और लखनऊ के खिलाफ 3 मैचों में से 2 जीतने होंगे। दूसरी ओर दिल्ली लगातार दो मैच हारने के बाद जीती। टीम को एक स्थान का फायदा हुआ। अब उसे बचे 2 मैचों में राजस्थान और कोलकाता को बड़े अंतर से हराने के साथ दूसरी टीमों के रिजल्ट पर भी निर्भर रहना होगा।

#### पंजाब 9वीं बार 200+ टारगेट डिफेंड नहीं कर पाई

पंजाब IPL इतिहास में सबसे ज्यादा बार 200+ स्कोर डिफेंड करते हुए हारने वाली टीम बन गई है। दिल्ली के खिलाफ हार के साथ टीम ने 9वीं बार 200+ टारगेट बचाने में नाकामी झेली। इस लिस्ट में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 7 हार के साथ दूसरे नंबर पर है।

पंजाब ने IPL 2026 में सातवीं बार विरोधी टीम को 200+ रन बनाने दिए। टीम अब एक सीजन में सबसे ज्यादा 200+ स्कोर देने वाली टीमों की सूची में शामिल हो गई है। इस लिस्ट में हैदराबाद, राजस्थान और लखनऊ भी 7-7 बार 200+ स्कोर दे चुकी हैं।

#### दिल्ली ने IPL का दूसरा सबसे बड़ा रनचेज किया

दिल्ली ने IPL इतिहास का अपना दूसरा सबसे बड़ा सफल रनचेज पूरा किया। इससे पहले टीम ने इसी सीजन जयपुर में राजस्थान के खिलाफ 226 रन का टारगेट चेज किया था।

दिल्ली ने धर्मशाला में 211 रन का लक्ष्य हासिल कर इतिहास रच दिया। IPL में धर्मशाला के मैदान पर पहली बार किसी टीम ने 200+ रन का सफल पीछा किया। इससे पहले यहां सबसे बड़ा सफल रनचेज चेन्नई ने 2010 में पंजाब के खिलाफ 193 रन का किया था।

# 26 घंटे में 3 हत्याएं करने वाला साइको किलर ढेर

- यूपी पुलिस बोली- आरोपी ने पिस्तौल छीनकर फायरिंग की, एनकाउंटर में मारा गया

यूपी में चलती ट्रेन और अस्पताल में तीन हत्याएं करने वाला साइको किलर सोमवार रात 12 बजे पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। चंदौली SP आकाश पटेल ने बताया- पुलिस आरोपी को क्राइम सीन रीक्रिएट कराने के लिए लेकर गई थी। इसी दौरान उसने पुलिस अफसर की पिस्टल छीन ली और फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की।

पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसे सिर और सीने में गोली लग गई। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मुठभेड़ शहर से 15 किमी दूर दरियापुर रेलवे लाइन के पास हुई। इसमें दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए।

सेना से रिटायर साइको किलर गुरप्रीत सिंह (45) पंजाब का रहने वाला था। उसने चंदौली में 26 घंटे के भीतर बेवजह तीन हत्याएं की थीं। तीनों वारदातों का पैटर्न एक जैसा था- गोली सीधे कनपटी पर मारी गई थी।

- आरोपी ने 26 घंटे में 3 हत्याएं की थीं

गुरप्रीत ने पहली हत्या रविवार (10 मई) सुबह करीब 7 बजे पैसेंजर ट्रेन में एक युवक को गोली मार दी।

दूसरी हत्या रविवार रात 2 बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन में बाथरूम गए युवक को गोली मार दी। तीसरी हत्या सोमवार सुबह साढ़े 8 बजे की। इसमें आरोपी ने प्राइवेट अस्पताल में घुसकर बेड पर लेटी महिला की कनपटी पर पिस्टल सटाकर गोली मार दी।

# पाकिस्तान ने ईरान के एयरक्राफ्ट छिपाने में मदद की

- अमेरिका से बचाने के लिए एयरबेस पर रखा

पाकिस्तान ने अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान ईरानी सैन्य विमानों को अपने एयरबेस पर जगह दी। यह दावा CBS न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में किया है।

रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया कि अप्रैल में सीजफायर के ऐलान के कुछ दिन बाद ईरान ने कई विमान पाकिस्तान एयरफोर्स के नूर खान एयरबेस भेजे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भेजे गए विमानों में ईरानी एयरफोर्स का RC-130 विमान भी शामिल था। यह लॉकहीड C-130 हरक्यूलिस ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट का खुफिया और निगरानी मिशन वाला वर्जन माना जाता है।

दूसरी तरफ पाकिस्तान ने भी माना है कि ये विमान उसके एयरबेस पर पहुंचे थे। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, पाकिस्तान में मौजूद ईरानी विमान युद्धविराम के दौरान आए थे और उनका किसी सैन्य अभियान से कोई संबंध नहीं है।

#### दावा- ईरान ने कुछ प्लेन अफगानिस्तान भी भेजे

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान ने कुछ नागरिक विमान अफगानिस्तान भी भेजे। एक अफगान सिविल एविएशन अधिकारी ने दावा किया कि माहान एयर का एक विमान युद्ध शुरू होने से पहले काबुल पहुंचा था। ईरानी एयरस्पेस बंद होने के बाद वह विमान काबुल एयरपोर्ट पर ही रुका रहा।

# ट्रम्प ने जंग रोकने के लिए ईरान का प्रस्ताव ठुकराया



- बोले- मुझे पसंद नहीं आया
- अमेरिका ने एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने की शर्त रखी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, ₹मैंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। इसे स्वीकर नहीं किया सकता।₹ इससे पहले भी ट्रम्प ने ईरान पर खेल खेलने का आरोप लगाया था।

ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, तेहरान ने रविवार को पाकिस्तान के जरिए अमेरिका को अपना नया प्रस्ताव भेजा। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव में युद्ध खत्म करने, फारस की खाड़ी और होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने, प्रतिबंध हटाने और परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत की बात कही गई थी।

अमेरिका ने इस हफ्ते ईरान को 14 सूत्रीय प्रस्ताव भेजा था। इसके तहत ईरान को कम से कम 12 साल तक यूरेनियम संवर्धन रोकना होगा और अपने पास मौजूद करीब 440 किलो 60% एनरिच्ड यूरेनियम अमेरिका को सौंपना होगा। इसके बदले अमेरिका प्रतिबंधों में ढील देगा, ईरान की फ्रीज की गईं अरबों डॉलर की संपत्तियां छोड़ेगा, साथ ही ईरानी बंदरगाहों पर लगी नौसैनिक नाकेबंदी हटाएगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम और हाईली एनरिच्ड यूरेनियम पर पूरी तरह समझौता करने को तैयार नहीं है। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि उनका जवाब सकारात्मक और व्यावहारिक है और अब फैसला अमेरिका को करना है।

दोनों देशों ने 8 अप्रैल से लागू सीजफायर खत्म होने की घोषणा नहीं की है।

## संक्षेप...

### वसई के आनंद नगर में मिला मानव कंकाल

**मुंबई.** वसई के आनंद नगर इलाके में मानव कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। यह भयावह घटना रविवार शाम सामने आई, जिसके बाद स्थानीय लोगों में डर और दहशत का माहौल बन गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मानव अवशेषों को कब्जे में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, यह कंकाल आनंद नगर स्थित रामाबाई चाल के पीछे एक खाली मैदान में मिला। स्थानीय बच्चों का एक समूह वहां क्रिकेट खेल रहा था। खेल के दौरान बच्चों की नजर जमीन पर बिखरी हड्डियों और मानव खोपड़ी पर पड़ी। शुरुआत में बच्चों को लगा कि यह कोई जानवर का अवशेष होगा, लेकिन पास जाकर देखने पर मामला गंभीर लगा। घबराए बच्चों ने तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस जगह कंकाल मिला वहां पिछले तीन दिनों से आग जल रही थी।

# कल्याण रेलवे स्टेशन परिसर में पुलिस का कॉम्बिंग ऑपरेशन

**33 लोगों पर कार्रवाई**



**कल्याण.** कल्याण रेलवे स्टेशन परिसर में कानून व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से रविवार देर रात महात्मा फुले चौक पुलिस स्टेशन की ओर से विशेष कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया गया।

यह अभियान 11 मई 2026 की रात 11:00 बजे से 12:30 बजे के बीच पुलिस उपायुक्त, परिमंडल-3 कल्याण अतुल झेंडे और सहायक पुलिस आयुक्त, अशोक होनमाने कल्याण विभाग की उपस्थिति में आयोजित किया गया।कॉम्बिंग ऑपरेशन के दौरान कल्याण रेलवे स्टेशन परिसर, एसटी बस स्थानक, झुंजारराव मार्केट, नीलम गली, होटल, लॉज तथा आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों की गहन जांच की गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वाले, मादक पदार्थों का सेवन करने वाले तथा संदिग्ध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों और वारांगनाओं को हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई।

इस अभियान में महात्मा फुले चौक पुलिस स्टेशन के 1 वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, 1 पुलिस निरीक्षक (गुन्हे), 6 सहायक पुलिस निरीक्षक/उपनिरीक्षक तथा महात्मा फुले चौक, खडकपाड़ा, बाजारपेठ और कोळशेवाडी पुलिस थानों के कुल 32 पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। साथ ही सीआरएम मोबाइल टीम भी ऑपरेशन में शामिल रही। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों पर नियंत्रण के लिए इस प्रकार के कॉम्बिंग ऑपरेशन आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

**पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत कुल 33 कार्रवाई की गई, जिनमें—**

- मुंबई पुलिस एक्ट धारा 110/117 के तहत 4 कार्रवाई
- धारा 112/117 के तहत 8 कार्रवाई
- धारा 102/117 के तहत 7 कार्रवाई
- धारा 33(w)/131 के तहत 6 कार्रवाई
- NDPS एक्ट 8 (क) 27 (कंजम्प्शन) के तहत 2 कार्रवाई
- मुंबई प्रोहिबिशन एक्ट धारा 85 के तहत 1 कार्रवाई
- कोफ्ता के तहत 5 कार्रवाई शामिल हैं।
- इसके अलावा 4 लॉजेस की भी जांच की गई।

## बर्तन बेचने वाली महिला के साथ दुष्कर्म

- कपड़े की दुकान के मालिक के खिलाफ केस दर्ज

**भिवंडी.** नारपोली पुलिस स्टेशन की सीमा से एक 29 साल के कपड़े की दुकान के मालिक द्वारा बर्तन बेचने वाली 29 साल की महिला के साथ दुष्कर्म करने की घटना सामने आई है। इस मामले में दुकानदार के खिलाफ नारपोली पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पीड़िता और आरोपी दुकानदार बर्तन बेचते समय मिले और दोस्त बन गए। उसके बाद, भले ही पीड़िता शादीशुदा थी, आरोपी ने मार्च 2024 से 26 जनवरी, 2026 के बीच उसकी मर्ज़ी के खिलाफ उसके साथ बार-बार रेप किया और इस बारे में किसी को बताने पर पीड़िता के बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पीड़िता की शिकायत के आधार पर नारपोली पुलिस स्टेशन में कपड़े की दुकान के मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# राज्य के मंत्री फ्रांस नहीं जाएंगे

- प्रधानमंत्री की बचत की अपील
- कांस फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लेना था



**मुंबई.** पीएम नरेंद्र मोदी लगातार दो दिन लोगों से ईंधन और संसाधनों का कम इस्तेमाल करने की अपील कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जहां संभव हो पेट्रोल डीजल का उपयोग कम करें और मेट्रो, इलेक्ट्रिक बस और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें। विदेशी यात्राओं से बचें।

इसे देखते हुए महाराष्ट्र सरकार में मंत्री आशीष सेलार ने सोमवार को ऐलान किया कि वे इस साल फ्रांस में होने वाले कांस फिल्म फेस्टिवल में शामिल नहीं होंगे।

पीएम मोदी ने 10 मई को तेलंगाना के हैदराबाद और फिर 11 मई को गुजरात के वडोदरा में जनसभा को संबोधित करते हुए बचत की बात कही थीं। वडोदरा में मोदी ने कहा कि जैसे देश ने मिलकर कोरोना संकट का सामना किया था, वैसे ही मौजूदा संकट से भी देश बाहर निकल जाएगा।

**शेलार बोले- विभाग के खर्च कम किए जा रहे हैं**

आशीष शेलार ने कहा कि इन चुनौतीपूर्ण समय में राष्ट्रीय हितों को सबसे ऊपर रखते हुए विभागीय खर्च में संयम बरतने का फैसला लिया गया है। राज्य के सांस्कृतिक मामलों, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मंत्री ने कहा कि वर्चुअल प्लेटफॉर्म के जरिए मीटिंग की जाएंगी। हालांकि, शेलार ने कहा कि सरकारी तंत्र कांस फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा ले रही मराठी फिल्मों के लिए जरूरी तालमेल जारी रखेगा।

# स्कूल की प्रिंसिपल समेत 3 के खिलाफ एंटी-करप्शन की कार्रवाई

- 4 हजार रुपए लेते रंगे हाथ पकड़ा

**भिवंडी.** ठाणे एंटी-करप्शन डिपार्टमेंट ने भिवंडी के एक अनुदानित उर्दू मीडियम सेकेंडरी स्कूल में एडमिशन लेने वाले स्टूडेंट्स के पेरेंट्स से डोनेशन के तौर पर एक्स्ट्रा फीस मांगने पर एक स्कूल की प्रिंसिपल, एक प्राइवेट क्लर्क और एक प्राइवेट टीचर समेत तीन महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम हैं अतिया बैदुज़मान खान, प्रिंसिपल, रिजवाना बानू अमजद खान, प्राइवेट कंप्यूटर टीचर, और अस्मा मोहशफी शेख, प्राइवेट क्लर्क।

पुलिस के मुताबिक, जब शिकायतकर्ता अबुलैस अंसारी 7 मई को अपनी बेटी का आठवीं क्लास में एडमिशन कराने शहर के एक अनुदानित उर्दू मीडियम स्कूल 'सलाउद्दीन अयूबी मेमोरियल हाई स्कूल' गया, तो उनसे कहा गया कि स्कूल के पास 5,000 रुपये का डोनेशन और फीस है। क्योंकि स्कूल को अनुदान मिलने के बावजूद डोनेशन और फीस लेना गलत था, इसलिए अबुलैस अंसारी ठाणे एंटी-करप्शन ब्यूरो गए और अपनी शिकायत दी।

टेक्निकल सबूत और दूसरी बातों की जांच के बाद, उन्हें 11 मई को स्कूल में लड़की का एडमिशन कराते समय 4,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। इस मामले में, शांतिनगर पुलिस स्टेशन में देर रात तीनों महिलाओं के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट, 1988 (अमेंडमेंट - 2018) के सेक्शन 7 और 7A के तहत केस दर्ज किया गया और उन्हें 12 मई को भिवंडी कोर्ट में पेश किया गया।

# महापौर ने लॉन टेनिस कोर्ट का उद्घाटन किया



**ठाणे.** मनपा की ओर से शहीद तुकाराम ओंबले बैडमिंटन हॉल में नए बने लॉन टेनिस कोर्ट का आज महापौर शर्मिला पिंपलोलकर ने उद्घाटन किया। यहां कई अधिकारी और पब्लिक रिप्रेजेंटेटिव टेनिस खेलने आते हैं, उनकी मांग के मुताबिक, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के दिए गए फंड से इस लॉन को नया बनाया गया है और मेयर शर्मिला पिंपोलकर ने ज़्यादा से ज़्यादा अधिकारियों और पब्लिक रिप्रेजेंटेटिव से इसका फायदा उठाने की अपील की है। उद्घाटन में उपमहापौर कृष्णा पाटिल,सभागृह नेता हनुमंत जगदाले,विरोधी पक्ष नेता अशरफ यू. शानू पठान,अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवी,उपायुक्त स्पोर्ट्स मीनल पलांडे,नगरसेवक वैभव कदम, पूर्व नगरसेवक शरद कणसे, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर शैलेंद्र चारी, संदीप गायकवाड़, ऋषिकेश माने आदि मौजूद थे।मनपा ने अलग-अलग जगहों पर काम करने वाले अधिकारियों के मनोरंजन के लिए यह लॉन टेनिस कोर्ट तैयार किया था। कई अधिकारियों, पुराने अधिकारियों और लोगों ने यहां मेम्बरशिप ली है और रेगुलर खेलने आते हैं। यहां आने वाले अधिकारियों ने मांग की थी कि इस लॉन टेनिस कोर्ट को अपडेट किया जाए। इसी के मुताबिक, इस टेनिस कोर्ट को मॉडर्न तरीके से तैयार किया गया है और आज इसका उद्घाटन किया गया यह महापौर ने बताया। शहीद तुकाराम ओंबले बैडमिंटन कोर्ट में अलग-अलग उम्र के ग्रुप के लिए ट्रेनिंग बैच भी रेगुलर तौर पर चलाए जाएंगे। स्पोर्ट्स कल्चर को बढ़ावा देने और यहां मेम्बरशिप लेने वाले खिलाड़ियों को अच्छी स्पोर्ट्स सुविधाएं देने के लिए इस लॉन टेनिस को रेनोवेट किया गया है।उपमहापौर कृष्णा पाटिल ने ठाणे शहर में लॉन टेनिस की सुविधाएं देने के लिए मनपा को धन्यवाद दिया। ठाणे शहर तेजी से डेवलप हो रहा है और इस लिहाज से शहर में स्पोर्ट्स सुविधाएं बढ़ाई जानी चाहिए।सभागृह नेता हनुमंत जगदाले ने बताया कि डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के दिए गए फंड से मॉडर्न टेनिस कोर्ट बनाया गया है और इससे शहर के युवाओं को जरूर फायदा होगा।

# स्टेट लेवल वॉलीबॉल टूर्नामेंट के लिए बदलापुर तैयार

- आज मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन
- राज्य भर से 384 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा
- 23 लाख 35 हजार रुपये के कैश प्राइज
- 13 से 17 मई तक रहेगा रोमांच



**बदलापुर.** बदलापुर शहर जाने-माने छत्रपति शिवाजी महाराज कप स्टेट लेवल वॉलीबॉल टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह तैयार है और राज्य के 8 डिवीजनों के 384 खिलाड़ी 13 से 17 मई, 2026 तक होने वाले इस कॉम्पिटिशन के लिए उत्साहित होंगे।

क्रीडा व युवक सेवा संचालनालय, महाराष्ट्र वॉलीबॉल एसोसिएशन और कुलगांव-बदलापुर म्युनिसिपल काउंसिल द्वारा मिलकर आयोजित इस कॉम्पिटिशन का उद्घाटन 13 मई को शाम 6 बजे हेंड्रेपाड़ा के बदलापुर जिमखाना ग्राउंड में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस करेंगे। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम श्रीमती. सुनेत्रा पवार, कुलगांव-बदलापुर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रुचिता घोरपड़े, खेल सचिव रणजीतसिंह देओल, जिला कलेक्टर डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल, खेल आयुक्त श्रीमती शीतल तेली-उगले आदि मौजूद रहेंगे।

2 साल बाद होने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज कप राज्य स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट के लिए राज्य भर से खिलाड़ी बदलापुर शहर पहुंचे हैं। 8 विभागों के 384 खिलाड़ियों, 32 गाइड, 32 मैनेजर कुल 448 लोगों की टीम प्रतियोगिता के लिए तैयार है। प्रतियोगिता में कोल्हापुर, लातूर, अमरावती, संभाजीनगर, पुणे, नागपुर, मुंबई और नासिक की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। 18 और 21 साल से कम उम्र के युवाओं के लिए वॉलीबॉल का रोमांच बदलापुर में पहली बार देखने को मिलेगा।

प्रतियोगिता समीक्षा बैठक के बाद कुलगांव-बदलापुर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रुचिता घोरपड़े ने मैदान का निरीक्षण किया। मुख्य अधिकारी मारुति गायकवाड़, नगरसेविका किरण भोईर, जिला क्रीड़ा अधिकारी सुवर्णा बार्टक्के, महाराष्ट्र वॉलीबॉल संघ के सचिव निलेश जगताप और ठाणे जिला वॉलीबॉल संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। पहला छत्रपति शिवाजी महाराज कप राज्यस्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट 15 से 21 मई 2011 तक पुणे के बालेवाड़ी में आयोजित किया गया था। यह प्रतियोगिता दो साल पहले बुलढाणा में आयोजित की गई थी। अब लगभग 2 साल के इंतजार के बाद वॉलीबॉल महोत्सव बदलापुर शहर में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को 23 लाख 35 हजार रुपये के नकद पुरस्कार और ट्रॉफी और पदक दिए जाएंगे। उप निदेशक नवनाथ फरताड़े ने जानकारी दी है कि लीग टूर्नामेंट के प्रत्येक मैच में जीतने वाली और हारने वाली टीमों को, सेमीफाइनल में जीतने वाली और हारने वाली प्रत्येक टीम को, फाइनल राउंड में जीतने वाली टीम को और फाइनल राउंड में उपविजेता टीम को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।

# छात्र-छात्राओं की सेवा ही देश सेवा है : महेश सुखरामानी



- सिंधी विद्यार्थियों के लिए कम्युनिटी सर्टिफिकेट एवं शिक्षा सहायता अभियान शुरु

**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के पूर्व कार्याध्यक्ष महेश सुखरामानी ने दसवीं कक्षा और 12 कक्षा में सफल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सुखरामानी ने कहा कि यह विद्यार्थी निरंतर मेहनत और लगन के साथ आयएस ,आयपीएस जैसी परीक्षा उत्तीर्ण करके देश को आगे बढ़ाए । यही हमारी कोशिश है। जिससे वह अपने माता-पिता, समाज व देश का नाम रोशन करे। उन्होंने बताया कि 11वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए सिंधी कम्युनिटी सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने का कार्य जोरों पर शुरू है इसके साथ कि अन्य सहायता की जा रही है। विशेष रूप से कम अंकों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी यह सुविधा प्रदान की जाएगी, ताकि किसी भी छात्र का भविष्य प्रभावित न हो।

सिंधी कम्युनिटी सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए किंग प्लाजा, फर्स्ट फ्लोर, बैरेक नंबर 674, झूलेलाल स्कूल के पीछे स्थित कार्यालय उल्हासनगर केम्प 2में सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। आवेदन के समय आधार कार्ड एवं दसवीं की मार्कशीट साथ लाना अनिवार्य रहेगा।

महेश सुखरामानी ने आगे कहा कि विद्यार्थियों की आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए हर संभव सहयोग किया जाएगा। मेधावी विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान करने की भी व्यवस्था की जा रही है, ताकि आर्थिक कारणों से किसी भी छात्र की शिक्षा बाधित न हो। मार्गदर्शन एवं सहयोग से वे समाज एवं राष्ट्र का गौरव बढ़ाएंगे और आज के छात्र-छात्राएं कल का भविष्य है इसलिए सभी लोगों को उनके मदद के लिए आगे भी आना चाहिए ताकि देश का भविष्य उज्जवल हो और छात्र-छात्राओं का सेवा ही असली देश की सेवा है क्योंकि आने वाला आगामी कल इन्हीं का है।

# दूसरी बार कान फिल्म फेस्टिवल पहुंची आलिया



2026 कान फिल्म फेस्टिवल 2026 की शुरुआत हो चुकी है। आलिया भट्ट इस फेस्टिवल का हिस्सा बनने के लिए कान पहुंच चुकी हैं। एक्ट्रेस की तस्वीरें और वीडियो सामने आया है जिसमें उन्हें फ्लोरल स्टाइल, स्ट्रैप वाली ड्रेस में प्रिंसेस बने देखा जा सकता है। आलिया एक ब्यूटी ब्रांड की ब्रांड एम्बेसडर बने कर पहुंची हैं। उन्हें एक खूबसूरत बॉल गाउन में देखा जा सकता है। ये दूसरी बार है जब आलिया कान फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनीं हैं। पहले इसी ब्रांड के लिए ऐश्वर्या राय रेड कार्पेट पर दिख चुकी हैं।

**कान फिल्म फेस्टिवल से आलिया भट्ट का फर्स्ट लुक आया सामने**

कान फिल्म फेस्टिवल के लिए आलिया भट्ट का फर्स्ट लुक बाहर आ गया है। एक्ट्रेस ने अपना लुक एकदम सिंपल रखा है। मिनट ग्रीन बॉल गाउन स्टाइल आउटफिट में वो बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उनके आउटफिट की डिटेलिंग में पत्ते और फूल बने हैं जो आकर्षित कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने इस लुक को पूरा करने के लिए कम से कम मेकअप किया है। हेयरस्टाइल में एक्ट्रेस ने बालों को एक तरफ बांध कर न्यू लुक क्रिएट किया है।

**एयरपोर्ट पर आई थीं नजर**

हाल में आलिया को एयरपोर्ट पर ब्लैक आउटफिट और सन ग्लासेस के साथ देखा गया था। इस दौरान एक्ट्रेस ने फैंस के साथ कई तस्वीरें ली और ऑटोग्राफ साइन किए। आलिया के इस नए वीडियो ने कान फिल्म फेस्टिवल में उनके होने को कन्फर्म कर दिया है। ये दूसरी बार है कि आलिया कान फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनने जा रही हैं। इससे पहले पिछले साल 2025 में एक्ट्रेस ने रेड कार्पेट पर डेब्यू किया था। आलिया का पिछला लुक भी खूब खबरों में बना रहा था। अब ये दूसरी बार वो ब्रांड को प्रोमोट करने पहुंची हैं। आलिया के रेड कार्पेट पर उतरने का इंतजार हो रहा है।

# माता त्याग की मूर्ति, आदमी के जीवन की पहली गुरु

- मदर्स डे पर कार्यक्रम संपन्न



**अंबरनाथ.** माता हर एक के जीवन में पहली गुरु त्याग की मूर्ति है. ऐसा मातृत्व को मानवंदना देने के लिए 'वृत्तांत जिला' समाचार पत्र के दसवें वर्धापन दिन पर आयोजित 'माई मदर' सम्मान कार्यक्रम का रविवार 10 मई को अंबरनाथ पश्चिम के महात्मा गांधी विद्यालय सभागृह में उत्साह पूर्ण और भावनिक वातावरण में संपन्न हुआ. विविध क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली माताओं, व्यक्तियों का शॉल, पुष्पगुच्छ, तुलसी के पौधे और सम्मान चिह्न देकर गौरव किया गया. कुल 18 माताओं को सम्मानित किया गया. उल्हासनगर महानगर पालिका के सभापति विपुल मयेकर, नगरसेवक दिलीप आढाव, नगरसेविका अल्पना गोरे, पूनम शेलार, रेशमा सुर्वे, नगरसेवक धनंजय सुर्वे, अजय चिरिविला, प्रदीप कुमावत, हेमंत जाधव, सुंदरलाल डांगे, भीमराव इंगोले आदि उपस्थित थे.

कार्यक्रम में साहित्यिक विजय हनवते ने मां की ममता, उनके संघर्ष और संस्कार पर हृदयस्पर्शी व्याख्यान किया. मां ये एक केवल व्यक्ति नहीं, प्रत्येक के जीवन का प्रेरणा स्थान है. ऐसा हनवते ने कहा. इस सम्मान कार्यक्रम में महिला जिम ट्रेनर, कुश्ती खिलाड़ी, डॉक्टर, इंजीनियर, समाजसेवक, विविध क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्ति, माता का सम्मान किया गया. कार्यक्रम का संचालन अशोक नाईक ने किया. कार्यक्रम की प्रमुख अतिथि नगराध्यक्षा तेजश्री करंजुले पाटिल ने अपने भाषण में कहा माता का त्याग बहुत बड़ा है. माता का सम्मान करने ये अभिमानास्पद है. वृत्तांत जिला के संपादक शत्रुघ्नउमप ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया.







## PUBLIC NOTICE

Myself **Dileep (Mohan) hotchand Sharma** youngest owner & son of **late Shri Mohan Laxmandas Sharma** Property bearing plot no 418, U 16 & surrounding cotigeous land city survey no 18317,18316 part sheet no 9,camp no 4.

**CD No. ADM/plot/ C- 4**

**WS 34 / Sr No16, dt 21/03/78**

Area approximately 450-550 sq. Yards . 376-425 sq.metre ( 4000 sq ft) adjacent bk 1291 / 11.

I'm going to legally develop / mortgage the my plot for paper work and approval . Any person whom hv objection as being legal heirer in above property pls show documentary proof of their rights on property within 10 days.

Or contact legally 9284636545/8408932024.


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099